## सत्यदीप ने एवरेस्ट की चोटी पर फहराया तिरंगा



**पूरनपुर ।** कस्बे के पर्वतारोही सत्यदीप ने एवरेस्ट और ल्होत्से पर चढ़ाई कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस साहसिक सफलता के लिए बधाइयां मिल रहीं हैं। सत्यदीप ने बताया कि वह अभी अन्य कई पर्वतों पर भी तिरंगा फहराएंगे। कस्बे की बमनपुरी कालोनी के रहने वाले राधाकृष्ण गुप्ता के पुत्र सत्यदीप गुप्ता कई पर्वत श्रृंखलाओं की चढ़ाई कर चुके हैं। बीते दिनों से वह अपनी टीम के साथ वह नेपाल में स्थित विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी एवरेस्ट की चढ़ाई कर रहे थे। 21 मई को उन्होंने एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी करते ही तितंगा फहराया। दूसरे दिन सत्यदीप ने एवरेस्ट के पास मौजूद विश्व के चौथी सबसे ऊंचे पर्वत ल्होत्से को भी फतह कर लिया। चोटी पर पहुंचने के बाद सत्यदीप ने शान से तिरंगा झंडा फहराया। उन्होंने बताया कि पांच अप्रैल से उनकी टीम ने पर्वतों की चढ़ाई शुरू की थी। इस दौरान कई मुश्किल आईं। लेकिन सत्यदीप के कदम नहीं रुके और उन्होंने अपना नाम विश्व रिकॉर्ड में दर्ज करा दिया। सत्यदीप ने बताया कि पर्वतों को फतह करने का उनका यह सफर जारी रहेगा। नए रिकॉर्ड के लिए सत्यदीप ने पूरनपुर का नाम भी रोशन किया है। इस पर लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनकी सफलता पर लोगों में खुशी हैं। क्षेत्र के लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम और उनके घर पहुंचकर बधाई दी।

### जिले में 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा तापमान, आसमान से बरसती आग और लू के थपेड़ों से आम-जनजीवन बेहाल

# प्रचंड गर्मी वाले नौ दिन आज से...भीषण गर्मी झेलने को रहें तैयार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शुक्रवार को तेज धूप से बचने को छाता लगाकर बच्चे को लेकर जाती महिला।



धूप-गर्मी से बचने को चेहरे को ढक कर जाती युवती।



धूप-गर्मी से बचते हुए चेहरे को दुपट्टे से ढक कर घर जाती छात्रा।

**अमृत विचार:** मई माह का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री पहुंच गया। रविवार से नौतपा भी शुरू हो रहे हैं। जिससे प्रचंड गर्मी का असर और बढ़ेगा। लू भी चलने चलेगी। नौ दिन तक लोगों को तेज धूप व लू के थपेड़े झेलने पड़ेंगे। मौसम विज्ञानियों की मानें तो आने वाले दिनों में जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच सकता है। इसलिए सावधानी जरूर बरतें।

तराई के तलहटी में बसे जिले में मई के तीसरे सप्ताह में ही गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। यह दीगर बात यह है कि पिछले सप्ताह भर से तापमान में कुछ गिरावट देखी जा रही है, बावजूद तापमान सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। सुबह से शुरू होकर रात तक चलने वाले लू के थपेड़े सुकून छीन रहे हैं। घर के बाहर निकलने वाले लोगों का थोड़ी ही देर में गला सूखने लगता है और वे पानी की तलाश करने लगते है। बिजली की कटौती ने भी बेहाल कर रखा है। राहत पाने को लोग हर जतन कर रहे हैं। सूरज की बढ़ती तपिश से लोगों की सेहत झुलसने लगी है।

अमूमन हर साल जून की गर्मी ज्यादा सताती है, लेकिन इस बार तो मई का महीना ही गर्मी सितम ढहा रही है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.8 और न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार सुबह आठ बजे से ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर 12 बजे शहर की सड़कों पर सन्नाटा रहा। मात्र जरुरतमंद लोग ही सड़कों पर आते-जाते दिखे। दोपहर में बाजार में रौनक बराबर दिखी। शोरूम समेत दुकानों पर भी नाममात्र के ग्राहक की खरीदारी करते नजर आए। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी गर्मी से जल्द राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।

#### जिले में तापमान की स्थिति

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 मई | 41.1 | 26.4 |
| 19 मई | 40.8 | 27.1 |
| 20 मई | 40.9 | 27.8 |
| 21 मई | 41.6 | 25.6 |
| 22 मई | 39.7 | 28.1 |
| 23 मई | 38.2 | 27.6 |
| 24 मई | 38.8 | 28.3 |

#### रोहिणी नक्षत्र में आज प्रवेश करेंगे सूर्य

नौतपा में सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक सूर्य जब चंद्रमा के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो नौतपा की शुरुआत होती है। इस बार नौतपा 25 मई से शुरू होगा और दो जून तक रहेगा। चूंकि सूर्य 15 दिन के लिए इस नक्षत्र में आता है। इनमें शुरूआती नौ दिनों में सर्वाधिक गर्मी वाले होते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंचेगा।

# बिजली के रहे लाले...तिलमिलाए पीलीभीत वाले

### जिम्मेदारों के बिना सूचना दिए छह घंटे भीषण गर्मी के बीच तड़के हुई कटौती से घरेलू कामकाज हुए प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हाईवे पर काम करती पावर कॉरपोरेशन की टीम। ● अमृत विचार

- सप्लाई चालू होने के बाद भी जारी रही बिजली की आंखमिचौली

**अमृत विचार:** देर से आना जल्दी जाना..मौजूदा बिजली व्यवस्था का हाल बयां करने के लिए ये पंक्तियां काफी है। आलम ये है कि कुछ देर की सप्लाई और फिर घंटों की अघोषित कटौती अभी भी बरकरार है। एक बार फिर सुधार कार्य के नाम पर छह घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रही। जिसके चलते उपभोक्ता तिलमिला गए। खास बात यह भी रही कि इसकी कोई सूचना पहले से पावर कॉरपोरेशन की ओर से जारी नहीं की गई। सुबह के वक्त हुई घंटों की कटौती से घरेलू कामकाज भी प्रभावित रहा। छह घंटे बाद सप्लाई चालू होने के बाद भी बिजली की आंखमिचौली शाम तक जारी रही।

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहरवासियों के सामने बिजली की अघोषित कटौती की समस्या गहराती नजर आ रही है। जैसे-जैसे पारा बढ़ रहा है और गर्मी की मार पड़ रही है। वैसे-वैसे समस्या भी बढ़ती जा रही है। दिन हो या रात कब बिजली चली जाए कुछ पता नहीं। गुरुवार को देर रात तक बिजली की आंख मिचौली चलती रही। इसके बाद शुक्रवार सुबह लोगों की आंख खुली तो फिर बिजली गुल थी। जिसके बाद घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो गए। अधिकांश घरों में पानी की सप्लाई विद्युत संचालित मोटरों पर निर्भर है। बिजली नहीं आई तो लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। जब काफी देर बाद भी सप्लाई चालू नहीं हुई और परेशानी बढ़ी तो लोगों ने पावर कॉरपोरेशन के सूचनाओं का आदान प्रदान करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप पर जानकारी की। जिसमें पता चला कि असम हाईवे पर पोल और तार हटवाने का काम कराने के लिए शटडाउन लिया गया है।

इसके बाद लोगों का रोष भी दिखा। चूंकि जब काम कराया जाना था तो इसकी पहले से सूचना नहीं दी गई थी। लोगों का कहना था कि अगर सूचना पहले से दी गई होती तो वह उसी तरह से इंतजाम पहले से कर लिया करते। इसे मनमानी और लापरवाही से जोड़कर देखा गया। फिर जिम्मेदारों ने जल्द सप्लाई चालू होने का हवाला दिया। फिर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सप्लाई चालू कराई जा सकी। इस दौरान बल्लभनगर कॉलोनी, लाल रोड, नई बस्ती, निरंजनकुंज कॉलोनी, एकता नगर, आसफजान, साहूकरा, काला मंदिर, अशोक कॉलोनी समेत शहर के अधिकांश इलाकों की बिजली गुल रही थी।

#### रंगीलाल चौराहे पर तारों में आग लगने से खलबली

छह घंटे की कटौती के बाद सप्लाई चालू होने पर लोग राहत महसूस कर रहे थे कि दोपहर करीब पौने दो बजे व्यवस्था फिर गड़बड़ाने लगी। शहर के व्यस्ततम रंगीलाल चौराहे पर तारों के मकड़जाल में आग लग गई। जिसके बाद खलबली मच गई। इसकी सूचना पावर कॉरपारेशन को दी गई। फिर टीम ने पहुंचकर सुधार कराया। इस दौरान कुछ देर सप्लाई बदं रही। इसके अलावा तिरुपति गोल्डन सिटी, सुनगढ़ी समेत कई इलाकों में भी बिजली आती-जाती रही।

#### व्यापारी नेता बोले-बिना सूचना कटौती करना गलत

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष देवेश बंसल ने अघोषित कटौती को लेकर अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर जाहिर करते हुए रोष जताया। उनका कहना था कि जब पूर्व में मालूम होता है कि सुबह से लाइट नहीं आएगी तब इसकी ग्रुप पर सूचना देनी चाहिए। सुबह से लोगो को कितने कार्य होते हैं यदि पूर्व सूचित हो तब लोग पहले से पानी इत्यादि की व्यवस्था करके रखते। इतनी घोर गर्मी में 5 से 6 घंटे की कटौती बिना किसी सूचना के होना गलत है।

> शुक्रवार सुबह हाईवे पर काम के लिए शटडाउन लिया गया था। जिसकी वजह से सप्लाई बाधित रही थी। इसके अलावा जो भी फाल्ट से जुड़ी सूचनाएं आई थी, उनका सुधार करा दिया गया था।
>
> – जहांगीर आलम, जेई पावर कॉरपोरेशन

#### टूटा खंभा न बदलने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**गजरौला, अमृत विचार :** कस्बा में पावर कॉरपोरेशन की लापरवाही से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। जर्जर पोल सूचना मिलने पर भी अधिकारियों ने नहीं बदलवाया है। गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीण ब्रह्मपाल और मंगली प्रसाद ने बताया कि उनके घर के सामने कई महीनों से बिजली पोल नीचे से टूटा हुआ है जो बिल्कुल अलग दिख रहा है। कई बार पावर कॉरपोरेशन के जिम्मेदारों से शिकायत की। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई न बिजली पोल बदला गया। प्रिंस वर्मा, नीरज कुमार, नेवाराम, धीरज वर्मा, बेलमती, नन्ही देवी आदि ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## झोलाछाप के इलाज से बिगड़ी बच्ची की हालत शिकायत पर अभद्रता

**पूरनपुर, अमृत विचार:** बुखार से पीड़ित चार वर्षीय बच्ची की हालत गलत उपचार के दौरान बिगड़ने का आरोप लगा है। बच्ची के परिजनों का कहना है कि गलत इलाज करने का विरोध करने पर झोलाछाप ने धमकी दी। पुलिस ने इस मामलेमें सुनवाई की। अब पीड़ित ने झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रानीगंज के रहने वाले छोटे पुत्र दुजई ने बताया कि उनकी चार वर्षीय बेटी संतोषी को बुखार आ रहा था। उसका उपचार कराने के लिए वह पास के गांव कुर्रेया में एक झोलाछाप के पास गए। उनका आरोप है झोलाछाप ने तेज बुखार में बालिका को ग्लूकोज बोतल चढ़ा दी। जब ऐसा करने से मना किया तो झोलाछाप ने धमकाया और चार बोतल चढ़ाने की बात कही। आरोप है बोतल चढ़ाने से बच्ची की हालत बिगड़ गई। इसके बाद भ वह मानने को तैयार नहीं हुआ। इतना ही जब विरोध किया तोर झोलाछाप ने अभद्रता करते हुए भगा दिया। आनन-फानन में बच्ची को गंभीर हालत में उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। छोटे ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मामले की शिकायत की है। इसमें झोलाछाप पर गलत उपचार करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

## खेतों में सूख रहीं फसलें बिजली का इंतजार में किसान

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा बिजली घर में अवर अभियंता हरिशंकर को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

- राकिमसं कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी
- बोले- समाधान करना तो दूर फोन भी नहीं रिसीव करते हैं कर्मचारी

**अमृत विचार:** बिजली की अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बिजली घर पहुंचकर उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन जेई को सौंपा।

जिसमें कहा गया कि ग्रामीण अंचल में बिजली कटौती की वजह से ट्यूबवेल नहीं चल रहे। जिस कारण खेतों में खड़ा चारा और गन्ने की फसल सूख रही है। शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह की अगुवाई में तमाम उपभोक्ताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पहुंचकर न केवल नाराजगी जताई ,बल्कि व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। समस्या से जुड़ा अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन जेई हरिशंकर को सौंपकर निदान की मांग की। उधर नगर के उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि मोहल्ला आदर्श नगर, मुहल्ला डिस्को चौराहा, पुरानी गल्ला मंडी, सर्राफा बाजार , देवी स्थान, एवं बड़ी होली मुहल्ले में पिछले सप्ताह से बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही है, बल्कि लो वोल्टेज की समस्या से भी उपभोक्ताओं को जूझना पड़ रहा है। अवर अभियंता ने ओवरलोड के चलते नगर के तीन प्रमुख ट्रांसफार्मरों को बदलवाने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में जसवंत सिंह, गुरजंट सिंह ,अवतार सिंह, प्रगट सिंह, ऋषिपाल, श्याम सिंह, हरजीत सिंह, गुरपाल सिंह आदि थे।




## शॉपिंग कांप्लेक्स के लिंटर निर्माण का हुआ पूजन

संवाददाता, बीसलपुर



पूजन करते भाजपा नेता अमन जायसवाल उर्फ निक्की। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका के शॉपिंग कॉम्पलेक्स भवन के निर्माण कार्य को गति दी जा रही है। 2.40 करोड़ से बनवाए जा रहे शॉपिंग कॉपलेक्स के लिंटर के निर्माण के लिए विधि विधान से पूजन कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के प्रतिनिधि उनके पति भाजपा नेता अमन जायसवाल उर्फ निक्की ने पूजन किया।

नगरपालिका प्रशासन की ओर से कार्यालय के बाहर बनीं दुकानों को खाली कराकर उक्त स्थान पर 2.40 करोड़ रुपये की लागत से शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। भवन का कार्य तेज गति से चल रहा है। शुक्रवार को भवन के लिंटर कार्य का पूजन किया गया। पंडित उपेंद्र शंखधार ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र शर्मा रहे। इस मौके पर सभासद अनुपम मित्तल, आसु भारद्वाज, अभिमान शर्मा आदि रहे।

## 32 रन से विजेता बनी अटंगा टाइटंस टीम

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बरखेड़ा सुपर लीग सीजन थ्री (बीएसएल) कमेटी की ओर से चल रहे पांच दिवसीय नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार को अटंगा टाइटंस टीम और खमरिया सुपर जायंट्स टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें अटंगा टाइटंस टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। पहली पारी में अटंगा टाइटंस टीम ने आठ ओवर में 73 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खमरिया सुपर जायंट्स की टीम 41 रन बनाकर आल आउट हो गई। मैच में अटंगा टाइटंस की टीम ने 32 रनों से जीत हुई। इस मौके पर अकील अंसारी, अनस, नदीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, अलीम अंसारी, सौरभ गंगवार, मुनाज़िर अंसारी , सलीम अंसारी, चाद मियाँ, प्रिंस भरद्वाज, संतोष भारती आदि मौजूद रहे।

## मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस से धक्का-मुक्की

संवादाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सिरसा चौराहे पर किसी बात को लेकर बाइक सवार और टेंपो चालक मारपीट हो गई। दोनों घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने पुलिस से धक्का मुक्की कर दी। हालांकि बाद में सुलह होने पर मामला रफा दफा कर दिया गया।

घटना गुरुवार रात की है। बताते हैं कि सिरसा चौराहे पर बाइक सवार आवारा पशुओं को सड़क से हटा कर एक तरफ ले जा रहा था। इस दौरान मार्ग से गुजर रहे टेंपो चालक से उसका विवाद हो गया। दोनों में जमकर मारपीट हुई। बाइक चालक ने अपने परिचित और रिश्तेदारों को घटनास्थल पर बुला लिया। इसके बाद जमकर लात घूंसे चले। इससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंच गई और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। बताते हैं कि भीड़ में शामिल कुछ लोग पुलिस से भिड़ गए और अभद्रता करने लगे। पुलिस ने सख्ती की तो सभी बैकफुट पर आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद मामला रफा दफा हो गया।




## कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** डेढ़ माह पूर्व खेत पर काम करने के दौरान ट्रैक्टर चढ़ा देने के मामले में घायल हुए एक युवक ने कोर्ट के आदेश पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव कुरैईया निवासी हेमराज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह तीन अप्रैल की शाम चार बजे अपने खेत में काम कर रहा था। तभी गांव के वीरेंद्र कुमार ने शराब के नशे में उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिसमें वह गंभीर से घायल हो गया था। उस वक्त थाने में शिकायत की, तो पुलिस समझौते का दबाव बनाने लगी। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**आवश्यकता है**

दैनिक '**अमृत विचार**' बरेली को ऑफिस कार्य हेतु कुशल ड्राइवर की।

**अनुभव :-** कम से कम 3 से 5 वर्ष का।

**वेतन :-** योग्यता अनुसार।

सम्पर्क करें

(HR विभाग)

मो. 8476006584

# गोमती नदी से सटे गांवों में शुरू करें गंगा आरती : डीएम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




गांधी सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम संजय कुमार सिंह।

- जिला गंगा समिति व पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक में डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश
- सरकारी भूमि चिन्हित कर पौधरोपण, तालाबों का जीर्णोद्धार करने पर भी रहा फोकस

**अमृत विचार :** डीएम की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांधी सभागार में जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई। जिसमें गोमती नदी के किनारे सरकारी भूमि को चिन्हित कर पौधरोपण करने और तालाबों को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए। डीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक में गोमती नदी के किनारे के गांवों को ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस करने, विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन व्यवस्था को लागू किए जाने पर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। कहा कि कूड़ा एवं प्लास्टिक कचरे को नदी में प्रवाहित न हो।

गोमती नदी एवं सहायक नदी में मिलने वाले नालों की सूची तैयार करते हुए प्रत्येक नाले में जाली लगाई जाए। साथ ही उसकी नियमित सफाई की व्यवस्था संबंधित निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर से सुनिश्चित कराई जाए। नदी-नालों में कूड़ा न डाला जाए, इसको लेकर व्यापक रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाए। वन अफसरों को निर्देश दिए कि गोमती नदी के किनारे स्थित सरकारी भूमि को चिन्हित कर पौधरोपण एवं तालाबों को चिन्हित कर उनके जीर्णोद्वार की कार्यवाही के साथ संरक्षण संबंधी आवश्यक कार्य किए जाए। कृषि विभाग के अफसरों से कहा गोमती नदी के किनारे गांवों में जैविक कृषि पद्धति तथा जल संचयन संबंधित सिंचाइ पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाए।

इस दौरान डीएम ने कहा कि गोमती उद्गम स्थल के किनारे के गांवों एवं नगर पंचायतों में गंगा आरती का आयोजन कराया जाए।जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कार्ययोजना के अनुपालन की स्थिति, खुले में प्लास्टिक कैरी बैग जलाने या उपयोग करने वाले डिफाल्टरों के विरूद्ध कार्यवाही की स्थिति, नगर पंचायत पकडिया नौगवां में एमआरएफ सेंटर के लिए टेंडर की कार्यवाही, नगर पालिका परिषद पीलीभीत में एफएसटीपी के संचालन की स्थिति, ई-वेस्ट प्रबंधन के लिए ई-रिटेलर को चिन्हित कर और ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर की स्थापना की जानकारी ली। बैठक में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएफओ सामाजिक वानिकी मनीष सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एसडीएम देवेंद्र सिंह, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा मृणाल सिंह, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार सविता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# घायल जायरीनों ने झूलते तारों को बताया हादसे की वजह...एसडीएम ने जांच को दौड़ाई टीमें

## एसडीएम के निर्देश पर पुलिस राजस्व टीम के अलावा पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी भी जांच पड़ताल को मौके पर पहुंचे

संवाददाता, मझोला (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** उर्स में शामिल होने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर भरा पचपेड़ा गांव स्थित दादा मियां की मजार पर जा रहे जायरीनों के साथ हुए हादसे के बाद काफी देर तक वजह को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। ट्रैक्टर ट्राली तारों की चपेट में कैसे आई..इसे लेकर घायलों की ओर से दिए गए बयान और टीम की मौके पर की गई पड़ताल के बाद स्थिति और उलझती दिखी। पुलिस-राजस्व टीम के अलावा पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी भी हादसास्थल पर पड़ताल करने में जुटे रहे।

शुक्रवार दोपहर को अमरिया क्षेत्र के भूड़ा कैमोर में हुए हादसे के बाद एक तरफ घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा था। उनके इलाज के इंतजाम किए जा रहे थे। वहीं वजह को लेकर कई तरह की चर्चाएं रही। बाइक सवार को बचाने के बाद ट्रैक्टर ट्राली के तारों की चपेट आने का कारण पता लगाने में अधिकारी भी जुट गए।

मेडिकल कॉलेज पहुंचे घायलों का साफ कहना था कि बिजली के झूलते तारों की वजह से हादसा हुआ। वह तो ट्राली पर सवार थे। जिसके बाद एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह ने पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों से संपर्क किया। कुछ ही देर में पावर कॉरपोरेशन की टीम मौके पर पहुंच गई और हादसे की जांच पड़ताल में जुट गई। इस दौरान पुलिस और राजस्व कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। तारों की मौजूदा स्थिति देखी गई। बिजली के तारों के नीचा होने की बात से फिलहाल टीम इनकार करती रही।


हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली में चीख पुकार करते ग्रामीण। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में घायलों का इलाज करते डॉक्टर।


घायलों के पहुंचते ही मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर लगी भीड़।

### इनको भर्ती कराया गया मेडिकल कॉलेज

अमरिया के बरा मझलिया की अनाविया फातिमा (11) पुत्री शमीउद्दीन, जायदा बेगम (50) पत्नी शफीक अहमद, रेशमा (40) पत्नी तौसीफ, नाजदा (10) पुत्री तौसीफ, रसूला फरदिया की नूर फातिमा (06) पुत्री मोहम्मद तारिफ, अशकारा बेगम (35) पत्नी मोहम्मद जीशान, मन्तथा बी (18) पुत्री फरमूद अली, फातिमा (65) पत्नी अलाउद्दीन, महविश (45) पत्नी इश्तियाक, मेराज बी (12) पुत्री मो. आसिफ, अलासिफा (09) पुत्री रशीद, सहमा (40) पत्नी रफीक, हमजा (06) पुत्री वसीम, माहिरा (06) पुत्री मोहम्मद नदीम, हिवा फातिमा (30) पुत्री मो. यामीन, जैनव (24) पुत्र शमशाद, गुलनाज बी (22) पुत्री सादिक अली, शबाना (43) पत्नी सादिक, सादिक (45) पुत्र शौकत, शबाना (45) पत्नी मो.अहमद

- जायरीनों की ट्रैक्टर ट्रॉली तारों की चपेट में आने का मामला, घटना के बाद दिनभर मचा रहा हड़कंप

घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह को लेकर जांच चल रही है। पावर कॉरपोरेशन की टीम को मौके पर भेजा गया है। अगर कोई कमी या लापरवाही सामने आती है तो उसका सुधार करते हुए एक्शन लिया जाएगा।
– अजीत प्रताप सिंह, एसडीएम अमरिया


इमरजेंसी वार्ड में मौजूद सीएमओ, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य व अन्य।


घायलों को वार्ड में शिफ्ट करते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

### एक के बाद एक एंबुलेंस से पहुंचे मरीज, बेड पड़ गए कम

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दादा मियां मजार पर उर्स में जा रहे ट्रॉली में सवार करीब 19 लोग गंभीर रुप से झुलस गए थे। न्यूरिया सीएचसी से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किए जाने पर पहले से ही स्वास्थ्य अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया था। सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा, सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना, डॉ. सतीश, डॉ. रवि, डॉ. गरिमा समेत स्वास्थ्य टीम मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंच गए। एक के बाद एक एंबुलेंस से झुलसे हुए मरीज पहुंचते रहे। जिन्हें इमरजेंसी में लेजाकर इलाज शुरू कर दिया गया। एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मेडिकल कॉलेज में इलाज की व्यवस्था देखते रहे। इमरजेंसी में अफरा-तफरी मची रही। मरीजों की संख्या अधिक होने पर इमरजेंसी में बेड तक कम पड़ गए। मरीजों को इमरजेंसी के अलावा स्टाफ रूम में शिफ्ट किया गया।


हादसे के बाद मौके पर जांच करते बिजली कर्मी, पुलिस और राजस्व कर्मी।


हादसे की जानकारी जुटाते एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह।

### लापरवाही और नियम उल्लंघन दोनों उजागर

एक बार फिर हादसे के बाद जिम्मेदारों की लापरवाही और नियमों का उल्लंघन दोनों ही बातें उजागर हुई। घायलों की मानें तो बिजली के तार काफी नीचे लटक रहे थे। इससे पावर कॉरपोरेशन की लापरवाही से जोड़कर देखा जाता रहा। वहीं, ट्रैक्टर ट्रॉली पर सफर किए जाने पर नियम उल्लंघन भी सामने आया। जबकि पहले भी कई बार धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने जाते वक्त ऐसे हादसे हो चुके हैं। मगर इस पर सख्ती नहीं की जा सकी है।

## जमीन के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव पुरनापुर की रहने वाली माया देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति रमेश चंद का गांव के छेदालाल से जमीन को लेकर कोर्ट में मुकदमा तहसील बीसलपुर में चल रहा था। जिसमें 20 जनवरी को आदेश उसके पति के हक में आया था।

इसी की रंजिश में 20 मई को छेदालाल व उसके भाई ओमकार ने साथियों के साथ मिलकर उसके खेत में खड़ी गन्ने की फसल को जोत दिया। जब पति ने विरोध किया तो आरोपी ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर घर भाग आए। आरोपियों ने 23 मई की शाम पांच बजे आरोपी पति की गैर मौजूदगी में दोबारा आ गए। जिसके बाद हमला कर पीड़िता को घायल कर दिया। उसकी ननंद प्रेमवती और देवरानी भागवती को भी पीटा। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** गांव कनपरा के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए पुत्रवधू समेत तीन लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है। बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव कनपरा निवासी विनोद तिवारी का पुत्र अंकित तिवारी रोज की तरह बृहस्पतिवार की रात में खाना खाकर घर में सो गया। शुक्रवार सुबह युवक अपने ही मकान में मृत मिला। उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के पिता विनोद कुमार ने सूचना पुलिस को दीउ। इस पर कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का मौका मुआयना कर जानकारी की।


विलाप करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव कनपरा में हुई घटना से मची खलबली

पिता ने पुत्रवधू समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। कहा कि पुत्रवधू का गांव गुलड़िया के युवक से संबंध है। इसे लेकर कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसे लेकर बेटा परेशान रहता था। आरोप लगाया कि पुत्रवधू ने उक्त युवक और एक अन्य व्यक्ति संग मिलकर बेटे अंकित की हत्या कर दी। इंस्पेक्टर बिलसंडा अजय कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी।

## बस से उतरते ही हालत बिगड़ी, मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। कोतवाली क्षेत्र के गांव घुंघचाई के रहने वाले राहुल पुत्र लालाराम शुक्रवार को अपनी मां ओमवती के साथ बरेली दवा लेने गए थे। दोपहर बाद राहुल अपनी मां के साथ दवा लेकर घर लौट रहा था। घुंघचाई चौराहे पर बस से उतरने के बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। ओमवती बेटे को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मां का रोकर बुरा हाल रहा। परिवार के अन्य लोग भी आ गए। महिला ने बताया उसका पुत्र पिछले कुछ दिनों से बीमार था।

## खनन में पकड़ी पांच ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी

**ललौरीखेड़ा।** अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार हरिशंकर पटेल ने टीम के साथ जहानाबाद क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान ग्राम मिलक में अवैध खनन पकड़ा। यहां से पांच ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन कब्जे में ली गई। तीन ट्रैक्टर जहानाबाद थाना जबकि दो ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन ललौरीखेड़ा चौकी पर खड़ी कराई गई है।

## उत्तराखंड पुलिस का छापा, चोरी की दो बाइक बरामद

**बिलसंडा, अमृत विचार:** बाइक चोरी के मामले में उत्तराखंड की खटीमा पुलिस झोलाछाप समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर खटीमा चली गई। इनसे चोरी की दो बाइकें भी बरामद होने का पता चला है।

गांव माहम्मदपुर का एक युवक काफी समय से दूसरे राज्यों से बाइक चोरी कर गांव गौहनिया के एक झोलाछाप को दिया करता था। झोलाछाप इन बाइकों की बिक्री कर दिया करता था। बताते हैं कि उत्तराखंड के खटीमा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों में कई बाइक चोरी हो चुकी थी। लगातार बाइक चोरी होने की घटना के बाद हरकत में आई खटीमा पुलिस ने जिस स्थान से बाइक चोरी हुई, वहां आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। जिसके बाद सुरागसी करते हुए बिलसंडा के गांव माहम्मदपुर के युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करके बेची गई बाइकों का पुलिस के साथ जाकर न केवल पता ठिकाना बताया, बल्कि चोरी कर बेची गई दो बाइक भी बरामद करा दी। जिसके बाद खटीमा पुलिस अपने साथ दोनों बाइक और गांव गौहनिया के झोलाछाप समेत तीन लोगों को पकड़ कर ले गई । झोलाछाप मूल रुप से गांव बबूरा का रहने वाला है, जोकि गांव गौहनिया में क्लीनिक चला रहा था। गांव फिरसाह पस्तोर एवं गांव माहम्मदपुर का युवक शामिल है।

# बदमाशों ने व्यापारी से लूटी बाइक, विरोध पर पीटा

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** जूता व्यापारी को रास्ते में रोक बुलेट बाइक सवार तीन बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने व्यापारी की बाइक लूट ली। विरोध करने पर मारपीट की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी ने भी घटनास्थल कर मौका मुआयना कर वाहनों की चेकिंग कराई। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

करेली थाना क्षेत्र के गांव बमरोली निवासी मोहम्मद सगीर की गांव में ही जूते की दुकान है। बताते हैं कि वह गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह बिलसंडा से जते से भरा गत्ता लेकर बाइक से गांव जा रहे थे। करेली मार्ग पर गांव बबूरा से कुछ आगे पहुंचते ही पीछे से बुलेट बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने रोक लिया और तमंचे की नोक पर ले लिया। बदमाशों ने व्यापारी की पहले तलाशी ली और उसका मोबाइल छीना। जेब में रुपए न मिलने और विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी की पिटाई की। इतना ही नहीं उसकी जेब में रखें कुछ जरूरी कागजात और बाइक लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बमरौली गांव की तरफ भाग गए। कुछ राहगीरों को रोक व्यापारी ने घटना की जानकारी दी। राहगीरों के फोन से ही करेली पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बिलसंडा और करेली पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची। बदमाशों की तलाश को पुलिस ने चेकिंग की, लेकिन बदमाश नहीं मिल सके। करेली पुलिस ने व्यापारी से मिली तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की। उधर एएसपी विक्रम दहिया, सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी ने भी मौका मुआयना कर जानकारी की। घटना के बाद पुलिस गश्त पर सवाल उठाए जाते रहे। फिलहाल पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन में जुटी है।


पीड़ित व्यापारी मोहम्मद सगीर।

- बुलेट बाइक पर सवार थे तीन बदमाश, बमरौली गांव के पास गुरुवाद रात हुई वारदात
- एएसपी ने फोर्स के साथ मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी खुलासे को लगाई टीमें

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन की जा रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।
– जगदीप सिंह मलिक, एसओ करेली

## युवती से मोबाइल लूटने वाला आरोपी पुलिस ने महज छह घंटे में पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** घर से ड्यूटी पर जा रही एक युवती का बाइक सवार युवक मोबाइल छीन ले गया। शोर मचाने पर कुछ लोगों ने पीछा किया, लेकिन आरोपी भाग गया। सीसीटीवी फुटेज देख घटना के छह घंटे बाद ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम भिलैया की ममता राजपूत ने बताया कि वह शहर के राजीव कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। बीसलपुर रोड पर स्थित एक बाइक की एजेंसी पर काम करती है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह राजीव कॉलोनी से पैदल ही शोरूम पर जाने के लिए निकली थी। जैसे ही वह बीसलपुर रोड पर पहुंची तभी पीछे से आए एक बाइक सवार युवक ने झपट्टा मार कर उसका मोबाइल छीन लिया और भाग गया। युवती ने शोर मचाया लेकिन तब तक आरोपी दूर जा चुका था। पीड़िता ने बाइक एजेंसी पर पहुंचकर जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दिनदहाड़े हुई घटना की सूचना पुलिस को मिली तो सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरे की फुटेज चेक की। जिसमें एक युवक दिखाई दिया है, हालांकि उसका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा था।

सीओ सिटी ने घटना के खुलासा के लिए सुनगढ़ी पुलिस की टीम गठित की। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय टीम के साथ आरोपी की तलाश करते रहे। एक सूचना के आधार पर पुलिस ने बरहा रेलवे अंडरपास पर दबिश दी। यहां से युवती से लूट करने वाले आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम रतन कुमार पुत्र रमेश चंद्र निवासी बरहा गांव बताया। आरोपी के पास युवती से लूटा गया मोबाइल भी बरामद हुआ है। आरोपी से थाने लेकर पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। शनिवार को आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

- नौकरी पर जाते वक्त छीना था मोबाइल, सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने पकड़ा आरोपी

गोलमाल — आंगनबाड़ी केंद्र पर दो साल से राशन वितरण नहीं करने की डीपीओ ने शुरू की जांच

# अब पता चलेगा सच . . .किसने हड़पा बच्चों का निवाला

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** आंगनबाड़ी केंद्रों पर दर्ज बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला राशन किसने हड़पा। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत पर आनन-फानन में शुक्रवार को गांव चुर्राह फिरसाह में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने पहुंचकर जांच शुरू की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संपर्क कर जानकारी की गई।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर दर्ज बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह दाल एवं दलिया के अलावा चावल वितरण किए जाने की व्यवस्था है। सीडीपीओ कार्यालय से कार्यकत्रियों को सिर्फ दाल और दलिया ही प्रतिमाह उपलब्ध कराया जाता है। जिसे केंद्रों पर ले जाकर वितरण की जिम्मेदारी कार्यकर्त्रियां निभाती हैं। लेकिन, चावल उपलब्ध कराने की व्यवस्था विभाग ने राशन कोटेदारों को सौंप रखी है। आरोप है कि चावल उपलब्ध कराने की मिली जिम्मेदारी से कोटेदार न केवल विमुख हो रहे हैं, बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से मिलकर चावल वितरण करने की बजाय हड़प रहे हैं। गांव चुर्राह फिरसाह निवासी संतोष कुमार ने चावल हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत की।

पहले तो विभागीय अधिकारियों से ही शिकायत कर जांच की गुहार लगाई थी, सुनवाई न होने पर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद शुक्रवार को डीपीओ युगल किशोर सांगुड़ी ने गांव पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता के अलावा ग्रामीणों ने के भी बयान लिए गए। बताते हैं कि इसमें चावल वितरित न किए जाने की बात कही गई। हालांकि डीपीओ के समक्ष चुर्राह एवं मीरपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कोटेदार से चावल मिलने की बात से ही इन्कार कर दिया। जबकि गांव के कोटेदार ने लगातार चावल कार्यकत्रियों को रिसीव कराने की बात कही।

इतना ही नहीं जांच के दौरान दोनों कार्यकत्रियां और कोटेदार एक दूसरे पर ही चावल हड़पने का आरोप लगाते रहे। डीपीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच की शुरुआत से खलबली मच गई है।


गांव चुर्राह फिरसाह के एक घर में पहुंचकर जांच करते डीपीओ युगल किशोर सांगुड़ी।

- मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद गांव पहुंचकर ग्रामीणों से भी जुटाई जानकारी
- कोटेदार और कार्यकत्रियों ने एक दूसरे पर लगाया चावल हड़पने का आरोप

## महिला की मौत मामले में ई-रिक्शा चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** सड़क हादसे में पांच दिन पहले एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव जारकलिया निवासी राजकुमार ने बताया उसकी मां प्रेमवती 20 मई की सुबह 11 बजे पौटाकला से केशौपुर होकर अपने गांव ई रिक्शा से जा रही थी।

ई रिक्शा चालक तेजी गति से चला रहा था। गांव विक्रमपुर में सामने से आ रही मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिसमें उसकी मां ई रिक्शा के नीचे दबने से उनकी मौत हो गई। दुर्घटना में गांव खजुरिया पचपेड़ा निवासी गीता देवी व उसका पुत्र अमित कुमार और कुंवर सेन गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मृतका के पुत्र की ओर से ई-रिक्शा के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 20 किमी दूर नहर से बरामद हुआ किशोर का शव

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** परिवार की डांट फटकार से नाराज होकर खारजा नहर में छलांग लगाने वाले किशोर का शव चौथे दिन बीस किमी दूर से बरामद हो गया। शाहजहांपुर बॉर्डर के नजदीक टूटा पुल की तरफ शव बरामद होने का पता चलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा रही।


मृतक अजय कुमार।

घटना मंगलवार की है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव प्रसादपुर के रहने वाले नोखेलाल का पुत्र अजय कुमार (17) ने परिजनों की डांट फटकार से क्षुब्ध होकर शाहगढ़ पुल से खारजा नहर में छलांग लगा दी थी। पानी का बहाव कम न कराए जाने पर रेस्क्यू बाधित हुआ तो गुस्साए परिवार वालों ने ग्रामीणों संग बुधवार को पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद एसएसबी की टीम भी मोटरबोट से तलाश कर रही थी। चौथे दिन शुक्रवार सुबह किशोर का शव घटनास्थल से बीस किमी की दूरी पर घुंघचिहाई क्षेत्र में टूटा पुल के पास से बरामद हो गया। इसकी जानकारी लगते ही परिवार वाले भी पहुंच गए और उनका रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीन दिन से परिजन जवान बेटे की चिंता में थे और सलामती की प्रार्थना कर रहे थे। मगर शव मिलने के बाद उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक तीन भाई थे। उसके दो भाई गुड्डू और बबलू हैं। मां गीता देवी बेटे की मौत के बाद बेसुध हो गई। उन्हें परिजन और रिश्तेदार संभालने में जुटे रहे।


शव मिलने के मौके पर जमा लोग और पुलिस। ● अमृत विचार

- परिजन से नाराज होकर खारजा नहर में लगाई थी छलांग
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिजन का रोकर बुरा हाल

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय
चेयरमैन
9837892555
9412192305

## दिल्ली के जामिया में पीलीभीत की फिजा ने बढ़ाया मान


फिजा खान। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया में पीलीभीत की बिटिया ने 12वीं के रिजल्ट में कॉमर्स स्ट्रीम में पूरी जामिया में सेकंड पोजीशन हासिल की। इसे लेकर परिवार में खुशी का माहौल है। शहर के मोहल्ला मुनीर खान की रहने वाली मंसूर इलियास खान की पुत्री फिजा खान जामिया मिलिया इस्लामिया में 12वीं कक्षा में कॉमर्स स्ट्रीम से पढ़ाई कर रही है। 12वीं का रिजल्ट आया तो फिजा खान ने जामिया में सेकंड पोजीशन हासिल की है। फ़िज़ा खान के 92 .8 प्रतिशत नंबर आए है। जिसके बाद उन्हें बधाई मिल रही है। फिजा खान नौवीं क्लास से जामिया में पढ़ाई कर रही हैं। उनके पिता एक चैनल में काम करते हैं तो वही माता गृहणी है। उनकी बड़ी बहन कनाडा में पढ़ाई कर रही है। फ़िज़ा खान का कहना है कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट करके घर से निकाल दिया। गांव मचवाखेड़ा निवासी ओमवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 23 अप्रैल 2022 को क्षेत्र के गांव भगवंतापुर के आनंद प्रकाश के पुत्र राजेश कुमार से हुई थी। दहेज में डेढ़ लाख रुपये और बाइक की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होनेपर सात माह पूर्व मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में पति राजेश कुमार, सास गंगा देवी, विद्या देवी, हरीश कुमार, आनंद प्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# होमगार्ड ने की वसूली, व्यापारियों ने चौकी में दिया धरना

## बोले- छह माह से किराना व्यापारी रजीव सिंघल को कर रहा था प्रताड़ित, आरोपी पर हो सख्त कार्रवाई

संवाददाता, मझोला (पीलीभीत)


दुकान पर बैठकर रोते व्यापारी को संभालता युवक। ● अमृत विचार


घटना के बाद पीड़ित किराना व्यापारी की दुकान पर लगी भीड़।

**अमृत विचार:** अफसर भले ही मातहतों को फरियादियों की सुनवाई और जनता से बेहतर व्यवहार का पाठ पढ़ा रहे हों, लेकिन निचले स्तर पर कुछ जिम्मेदार सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभी एक दिन पहले ही पूरनपुर क्षेत्र के एक चौकीदार पर वसूली का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। इसके अब उत्तराखंड से सटे कस्बा मझोला में होमगार्ड की ओर से की जा रही वसूली को लेकर बखेड़ा हो गया। एक व्यापारी का छह माह से उत्पीड़न किया जा रहा था। भनक लगते ही तमाम व्यापारी जमा हुए और पुलिस चौकी मझोला में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर एसओ न्यूरिया मौके पर पहुंचे और होमगार्ड पर कार्रवाई का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया। दिनभर यह मामला चर्चा का विषय बना रहा।

उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला के रहने वाले राजीव सिंघल किराना व्यापारी है। उनका कहना है कि एक होमगार्ड पिछले छह माह से उनकी दुकान में घुसकर बिना पैसे दिए सामान ले जाया करता है। उनका मानसिक और आर्थिक शोषण करता है। शुक्रवार सुबह भी होमगार्ड दुकान पर पहुंचा और व्यापारी पर ही 485 रुपये निकाल दिए। इसके बाद जबरन सामान ले लिया। व्यापारी इसे लेकर घबरा गया। उसे लगा कि अभी तक तो सामान ही फ्री में देना पड़ता था और अब तो रुपये भी देने पड़ जाएंगे। ये सोचकर वह गश खाकर गिर गया।

### जब बाइक चोरी के मुद्दे पर भी घेरा

व्यापारी नेता कपिल अग्रवाल ने कहा कि जिन पर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। अगर वही वसूली में लग जाएंगे तो पुलिस से विश्वास उठ जाएगा। वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हो और आगे से ऐसी घटनाएं ना हो। घटना के बाद व्यापारियों ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी पुलिस को घेरना शुरू कर दिया। व्यापारी नेता अजय गोयल ने कहा कि नगर में मोटर साइकिल की चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई है। इन पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

इसकी सूचना मिलने पर व्यापारी नेता जमा हो गए। व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रेम गोयल की सूचना पर युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए और जानकारी की। इसके बाद सीओ सदर समेत अन्य पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर शिकायत की। चौकी इंचार्ज मझोला दीपचंद से भी वार्ता की गई। फिर एकजुट होकर व्यापारी पुलिस चौकी मझोला पहुंचे और वहीं पर धरना देकर नारेबाजली की।

● **एसओ न्यूरिया ने पहुंचकर की वार्ता, आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया**

होमगार्ड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस चौकी में व्यापारियों के धरना प्रदर्शन की जानकारी लगते ही खलबली मच गई। कुछ देर बाद एसओ न्यूरिया प्रदीप बिश्नोई मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। होमगार्ड के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन देकर बमुश्किल मामला शांत कराया। तब जाकर व्यापारियों ने धरना समाप्त किया।



मझोला पुलिस चौकी पर एसओ से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### एक पुलिसकर्मी के बोल पर भड़क गए थे व्यापारी

बताते हैं कि घटना के बाद जमा हुए व्यापारी धरना प्रदर्शन नहीं करते। मगर पुलिस चौकी मझोला पर अपनी बात रख रहे थे कि एक पुलिसकर्मी ने होमगार्ड का पक्ष लेना शुरू कर दिया। जिसके बाद बात बिगड़ती चली गई और फिर फजीहत का सबब बन गई। इसी के बाद व्यापारियों ने पुलिस चौकी पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की थी।

अमृत विचार
Lifelines
MEDICAL
OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# जेल का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


जिला कारागार की रसोई में भोजन की गुणवत्ता चेक करते जिला जज आदि।

**अमृत विचार:** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिन्हा एवं अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव सुनील कुमार जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरकों की व्यवस्थाएं परखी और बंदियों से भी जानकारी ली। जिला कारागार में शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान जिला जज ने बैरक में जाकर बंदियों से उनके बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों को निशुल्क अधिवक्ता दिलाने संबंधित प्रार्थना पत्रजिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने स्नान घर, शौचालयों तथा पानी की टंकी आदि का गहनता से निरीक्षण किया और जेल अधीक्षक को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कारागार परिसर में फूलों के पौधे लगाने को भी कहा। अपर जिला जज ने महिला बैरक में महिला बंदियों से बातचीत कर जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पाकशाला एवं अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कारागार में जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। भर्ती बंदियों ने किसी प्रकार की समस्या न होने की बात कही।

## छत से गिरकर महिला घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अखौली की खुशबू देवी शुक्रवार दोपहर छत पर सूख रहे कपड़ों को उतारने गई थी। इस दौरान छत पर अचानक बंदरों का झुंड आ गया। वह नीचे उतर रही थी कि पैर फिसला और छत से आंगन में गिर गई। परिवार वाले आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बिजली के खंभे से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** ननिहाल से वापस लौट रहे बाइक सवार की बिजली के पोल से टकराकर मौत हो गई। जबकि उसके पिता घायल हो गए।

हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लभौआ निवासी हर्षित शर्मा (30) अपने पिता के साथ ननिहाल बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव बैरा निवासी रामआसरे शर्मा के घर अखंड पाठ में गए थे। वापस लौटते वक्त गांव मनपुरा के नजदीक पहुंचते ही झपकी आने से बाइक किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। जिसमें हर्षित और उसके पिता रामदेव घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से पीलीभीत के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर हर्षित को बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। परिजन ने शुक्रवार को गमगीन मौहाल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# घास काटने गए युवक पर वन्यजीव का हमला

संवाददाता, ललौरीखेड़ा


घटनास्थल पर पहुंची सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रेलवे क्रासिंग के समीप साथियों के साथ घास काटने गए युवक पर वन्यजीव ने हमला कर दिया। साथियों द्वारा शोर-शराबा करने पर युवक की जान बच सकी। लहूलुहान हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि ग्रामीण बाघ द्वारा हमले की बात कह रहे हैं, मगर वन महकमा अभी स्पष्ट नहीं कर सका है कि हमला किस वन्यजीव ने किया है।

घटना जहानाबाद थानाक्षेत्र के गांव सियाबाड़ी पट्टी के समीप रेलवे क्रासिंग के नजदीक शुक्रवार शाम करीब सवा पांच बजे हुई। गांव शिवपुरिया निवासी सत्यपाल अपने साथियों के साथ रेलवे क्रासिंग के समीप घास काटने गया था। बताते हैं कि घास काटने के दौरान झाड़ियों से निकले वन्यजीव ने सत्यपाल पर हमला कर दिया। हमला होते ही सत्यपाल ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। पास में ही घास काट रहे साथियों ने जब सत्यपाल के चीखने की आवाज सुनी तो उन्होंने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। बताते हैं कि शोर-शराबे पर वन्यजीव सत्यपाल को छोड़कर झाड़ियों में जाकर छिप गया।

हमले में सत्यपाल गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक सत्यपाल की गर्दन में पंजे से गहरे घाव हो गए। आनन फानन में सत्यपाल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है। इधर सूचना मिलने के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी रेंजर देवऋषि टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की पड़ताल की। इधर ग्रामीण बाघ द्वारा हमले की बात कह रहे हैं, वहीं वन महकमे में इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर देवऋषि ने बताया कि घटनास्थल की पड़ताल की गई है। घटना स्थल पर बाघ के पगमार्क नहीं मिले हैं। ऐसे में हमला किस वन्यजीव ने किया है, अभी कहना मुश्किल है। कल सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने सेलिब्रेट किया फन डे, खूब की मस्ती



**पीलीभीत, अमृत विचार :** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में शुक्रवार को फन डे सेलिब्रेट किया गया। जिसमें कक्षा पीएनसी से एक तक के सभी छात्रों ने भाग लिया। प्रबंधक सनी दीक्षित, प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कुछ मनोरंजन होना भी अति आवश्यक है। छात्रों के संपूर्ण मानसिक व शारीरिक विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। कक्षा में खिलाए जाने वाले सभी खेलों का आनंद उठाने के लिए प्रेरित किया। सर्वप्रथम विभिन्न गानों पर बच्चों ने नृत्य किया। कक्षा में जाकर अलग-अलग खेल खेले। विभिन्न प्रकार पूल लंच में व्यंजनों का आनंद उठाया। कक्षा एक में सभी छात्रों ने नृत्य किया व जिगजेग रेस का आनंद उठाया। प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विशाल, प्रिंसी, अनुराधा, सोनम, सोनाली, नंदिनी, पूनम, श्वेता, नमिता, अर्चना, भावना आदि मौजूद रहे।

### गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में हुई शैक्षिक गोष्ठी




**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल जंगरोली में एक शैक्षिक गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डॉ .स्मिता अग्रवाल रही। उन्होंने सेमिनार की शुरुआत करते हुए शैक्षणिक स्थिति को दर्शाते हुए और उसमें किस प्रकार से सुधार किया जाए। इस पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि पोषक तत्वों की कमी शरीर को प्रभावित करती है। पोषण एक महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य और विकास का मूलमंत्र है। यह एक प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से व्यक्ति और समुदाय के सभी सदस्यों को आवश्यक पोषक तत्वों, ऊर्जा और पोषण की आवश्यकताओं को प्राप्त करने का अवसर मिलता है। बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। सेमीनार में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत गोस्वामी, चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी, प्रधानाचार्या नीलोफर अंसारी आदि मौजूद रहे।

### लिटिल एंजेल्स स्कूल का समर कैंप शुरू



**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में शुक्रवार को समर कैंप शुरू हुआ। इसमें कक्षा केजी से कक्षा दो तक के बच्चों को ड्राइंग एंड क्राफ्ट, हिप हॉप डांस, स्केटिंग एवं ताइक्वांडो की एक्टिविटीज और कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं को क्रिकेट, आर्चरी, टेबल टेनिस, फोटोग्राफी, फॉर्म्स ऑफ़ आर्ट्स, ताइक्वांडो, स्केटिंग, ड्रैमेटिक्स, क्लासिकल डांस, बेकिंग एवं हॉर्स राइडिंग आदि की एक्टिविटीज सिखाई जाएगी। इस वर्ष करीब 300 बच्चे समर कैंप में प्रतिभाग कर रहे हैं। समर कैंप 31 मई तक तक निरंतर चलेगा। प्रधानाचार्य एनसी पाठक ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस बार भी बच्चों में समर कैंप के प्रति बहुत ज्यादा उत्साहित है। इसी कारण हर साल इसमें प्रतिभागियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक्टिविटीज करने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं राजेश कुमार, जावेद हुसैन, प्रदीप कुमार राघव, मसूद हसन खान, बीना कुमारी, एम एल गंगवार, विशाल शर्मा, अंशी, उत्तम, हिमांशु, लियाकत हुसैन आदि का सहयोग दिया।

### अनियंत्रित होकर खाई में पलटा टेंपो



**गजरौला, अमृत विचार :** गड़ा जंगल में हनुमान मंदिर के पास अनियंत्रित टेंपो खाई में पलट गया। हादसे में टेंपो चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। सवारियों से भरा टेंपो गजरौला थाना क्षेत्र में गढ़ा जंगल के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार सेहरामऊ उत्तरी के रहने वाले प्रकाश, साधना और चालक सतीश कुमार घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। क्षतिग्रस्त टेंपो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।


# नगर पंचायत बरखेड़ा का हाल..पानी की टंकियों में एक बूंद पानी नहीं

## चार महीने से पानी नहीं आने पर भी वसूल रहे जलकर, पेयजल कनेक्शन कटवाने को तैयार लोगों की सुनवाई नहीं

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** हर घर नल योजना अफसरों की उदासीनता से जिले में धरातल पर नहीं उतर पा रही। नगर पालिका हो चाहे फिर नगर पंचायत हर तरफ शुद्ध पेयजल पानी की किल्लत बनी है। ऐसा ही हाल नगर पंचायत बरखेड़ा क्षेत्र का है। जहां बीते चार माह से नगर पंचायत की टंकियों से जलकर देने के बाद भी पानी आने का इंतजार देख रहे लोगों ने कनेक्शन कटवाने की तैयारी शुरू कर दी है ।

बरखेड़ा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद स्थानीय लोगों को नगरीय सुविधा मुहैया कराने के लिए नगर 25 साल से अधिक समय पहले एक ओवरहैड टैंक का निर्माण कराया गया था। पाइप लाइन बिछाई गई थी। ताकि यहां के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। जब पाइप लाइन बिछाई गई थी, उस वक्त कस्बे की आबादी 11964 थी, लेकिन अब कस्बे की आबादी डेढ़ गुना बढ़ गई है। नगर पंचायत की ओर से कस्बे में पानी के लिए 108 लोगों को ही कनेक्शन दिए जा सके हैं। मगर पाइप लाइन की मरम्मत और डोजर चेक न होने के कारण आए दिन लाइन लीकेज की समस्या बनी रहती है। जिस वजह से जहां कनेक्शन किए हुए हैं वहां भी पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को नल और मोटर आदि का प्रयोग कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। इधर,पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण के दौरान बरखेड़ा कस्बे में हाईवे के बीच में आने वाली जगह पर अंधाधुंध खुदाई की गई थी। जिसमें नगर पंचायत की ओर से कई साल पहले बिछाई गई पाइप लाइन डैमेज हो गई। जिस वजह से इन लोगों के घर में भी चार माह से पानी नहीं पहुंच रहा है। आलम यह है कि लाइन डैमेज होने के बाद नगर पंचायत की ओर से इसे ठीक कराने के लिए कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतान पड़ रहा है। पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत में अपनी शिकायतें भी दर्ज करा रहे हैं। मगर कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। कस्बेवासियों का कहना है कि चार माह से पानी की एक बूंद भी नहीं टपक रही है।



पानी सप्लाई के लिए बरखेड़ा में बनवाई गई टंकी। ● अमृत विचार



कस्बे में चार माह से पानी नहीं मिल रहा है। चौड़ीकरण के दौरान पाइप लाइन को तोड़ दिया गया था। जिससे अब न नगर पंचायत ठीक करा रही है और न ही एनएचएआई उसकी मरम्मत कराकर रहा है। जिसका खामियाज लोगों को भुगतान पड़ रहा है। गर्मी का मौसम है इस समस्या का निदान कराया जाना चाहिए। – **रामप्रकाश**

- **स्थानीय लोग बोले-गर्मी में हैंडपंप व मोटर का करना पड़ रहा उपयोग, पेजयल लाइनें जर्जर हालत में**

### हालात दयनीय, सुनने वालों कोई नहीं



कस्बे की स्थिति बेहद दयनीय है। जहां पानी आ रहा था वहां पानी की पाइप लाइन टूटने के बाद बंद हो गया। बाकी जगह लाइन नहीं होने के कारण पानी की सप्लाई बाधित पड़ी है। सड़कों से भी नल गायब है। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। – **सुशील गुप्ता**



करीब ढाई दशक पहले पहले कस्बे में पानी की टंकी बनवाई गई थी। तब से अभी तक कोई भी नई पानी की टंकी नहीं बनवाई गई है और न ही आधे से ज्यादा इलाकों में पानी की लाइन बिछाई गई है। जिस वजह से कस्बे के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। – **उमेश चंद्र गंगवार**



चौड़ीकरण के दौरान हाईवे पर लगे हैंडपंप और पानी की टंकियों को तोड़ दिया गया था। अब कस्बे में कोई नल नहीं बचा है। जहां कोई अपनी प्यास बुझा सके। नगर पंचायत को नल आदि की व्यवस्था कराई जानी चाहिए। – **संतोष भारती**



नेशनल हाईवे के अधिकारियों से बरेली ऑफिस जाकर नगर की जो पानी की पाइप लाइन मार्ग के दोनों तरफ नाला निर्माण के दौरान डैमेज हुई थी। उसे सही कराने के लिए कहा गया था, लेकिन एनएच के अधिकारियों की ओर से अब तक पाइप लाइन सही नहीं कराई गई। लगातार आश्वासन दिया जा रहा है। इंतजार करने के बाद नगर पंचायत के प्लंबर लगाकर डैमेज लाइन को ठीक कराया जा रहा है। जल्द ही पानी की आपूर्ति करा दी जाएगी।

**–श्याम बिहारी भोजवाल, चेयरमैन, नगर पंचायत बरखेड़ाकलां**

### अधिकतर मोहल्लों में नहीं पानी की लाइन

नगर पंचायत बरखेड़ा में 25 साल पहले पानी की टंकी बनवाई गई थी। उसके बाद ही कस्बे में किसी टंकी का निर्माण नहीं कराया गया और न ही आबादी के हिसाब से कोई नई पाइप लाइन बिछाई गई है। जिस वजह नगर पंचायत के अधिकतर वार्डो में पानी नहीं मिल पा रहा है। कस्बेवासियों के अनुसार मोहल्ला नई बस्ती प्रथम, द्वितीय तृतीय के अलावा गोपी कॉलोनी समेत विभिन्न वार्डो के मोहल्लों में पानी की लाइन गायब है। पाइप लाइन को लेकर कई बार इस मुद्दे को नगर पंचायत में भी रखा जा चुका है। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसकी वजह से लोग अपने घरों में नल का बोरिंग कराकर पानी का काम चल रहा है।

### चौड़करण में पहले ही हटाए जा चुके नल

पीलीभीत नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। जिसका काम एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) की ओर से कराया जा रहा है। पीलीभीत की ओर से निर्माण होते हुए जब बरखेड़ा कस्बे में पहुंचा। तो पहले अतिक्रमण को खत्म किया गया। इसके बाद चौड़ी करण की परिधि में आ रहे रोड किनारे लगे सरकारी हैंडपंप और टंकी स्टैंड को भी ध्वस्त कर दिया था। हैंडपंप आदि अभी नहीं लग सके हैं, इसलिए और दिक्कत बढ़ गई है।

## एक नजर

### ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर :** पांच दिन पूर्व हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर की पटेल नगर कॉलोनी के धर्मपाल गंगवार ने बताया 19 मई की रात उनका बेटा पंकज गंगवार अपने साथी अनूप कुमार, निखिल आदि के साथ बरेली जा रहा था। बीसलपुर-बरेली मार्ग पर तेज रफ्तार बजरी लदे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पंकज कुमार, अनूप कुमार, निखिल कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह घायल हो गए थे। पंकज कुमार को पीलीभीत के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य घायल भी अलग-अलग अस्पताल में भर्ती है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### उधार दिए रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**बीसलपुर :** उधार दिए रुपये वापस मांगने पर एक युवक की पिटाई कर दी गई। चार आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर के हरि ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि नगर में एक दुकान पर अपने उधारी के रुपये लेने शुक्रवार को गए थे। दुकान पर पहुंचते ही आरोपी दुकानदार ने अपने तीन साथियों को बुला लिया और गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। किसी तरह भागकर खुद को बचाया।

## दो युवक लापता, परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई

**बीसलपुर, अमृत विचार:** रहस्यमय ढंग से एक युवक लापता हो गया। परिवार वालों ने कई जगह तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के गांव सफौरा के रहने वाले इंद्रपाल ने बताया कि 23 मई को उनका बेटा अमन परिवार वालों को बिना बताए दिन में घर से चला गया। देर शाम तक उसके वापस न आने पर चिंता हुई। इस पर उसकी तलाश में जुट गए। कई जगह परिचत और रिश्तेदारों के यहां तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश को टीम लगाई है।

इधर, बिठौराकलां में एक युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। ग्राम अजीतपुर पटपरा के रहने वाले मुन्नालाल ने बताया कि उनका पुत्र धर्मेंद्र मानसिक रुप से अस्वस्थ चल रहा है। उसके दवाई भी चल रही है। 18 मई को वह बिना बताए घर से चला गया। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका है। काफी तलाशने के बाद भी बेटे के न मिलने पर पुलिस ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर बरामद करने की गुहार लगाई है

# शादीशुदा व बेरोजगार निकला स्टाफ नर्स का हत्यारोपी शुभम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** स्टाफ नर्स की हत्या के आरोपी शुभम शुक्ला की तलाश में एसओजी और पुलिस टीमों ने पीलीभीत समेत दूसरें जिले में डेरा डाल रखा है। साथ ही पिज्जा हब में ताला डालकर अपने रिपोर्ट सिटी मजिस्ट्रेट को भेज दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। वह कोई काम भी नहीं करता है।

स्टाफ नर्स पीलीभीत जिले के थाना पूरनपुर के एक मोहल्ले की रहने वाली थी। आरोपी शुभम शुक्ला कस्बे से दस किमी दूर एक गांव का रहने वाला है। शनिवार को पूनपुर से पुलिस आरोपी के भाई और एक रिश्तेदार को लेकर शाहजहांपुर पहुंची। यहां आरोपी के भाई ने बताया शुभम बेरोजगार है और एक बच्चे का पिता है।

वह इधर-उधर घूमता रहता है। परिवार में उसकी खेती है। जबकि स्टाफ नर्स के पिता आतिशबाजी का कारोबार करते हैं। उनका एक छोटा बेटा भी साथ में रहता है। बेटी की हत्या क्यों की, इस बारे में उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार करा दिया। इधर, पुलिस ने रिपोर्ट बनाकर नगर मजिस्ट्रेट को भेज दी है। अधिकारियों ने बताया कि हब अगर अवैध रूप से चल रहा था तो उसके खिलाफ एक और कार्रवाई की जाएगी।

- **पुलिस ने पिज्जा हब में ताला डालकर जांच के लिए रिपोर्ट सिटी मजिस्ट्रेट को भेज दी**
- **आरोपी के भाई ने बताया वह कुछ नहीं करता ,उसकी शादी हो गई और एक बच्चे है**

### आधार कार्ड काउंटर पर छोड़ने से नजर में आया आरोपी

स्टाफ नर्स की हत्या के मामले में कई सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि आरोपी का नर्स से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। आरोपी ने नर्स को यह नहीं बताया कि वह शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता है। आरोपी नर्स से शादी करना चाहता होगा। जब नर्स को जानकारी हुई कि उसका प्रेमी शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता है तो उसने शादी करने से मना कर दिया होगा। बताते हैं कि आरोपी ने उससे बातचीत करने के लिए समय मांगा था इसलिए वह गुरुवार को पूरनपुर से यहां आया। आशंका है कि बंद कमरे में आरोपी ने शादी करने के लिए दबाव बनाया होगा और नर्स ने शादी करने से मना कर दिया होगा इसलिए गुस्से में आकर उसने दुपट्टे से उसका गला दबाकर हत्या कर दी और घसीटकर शव बाथरूम में ले जाकर डाल दिया। वह बचने के लिए खाना लेने के बहाने निकल गया। लेकिन अपना आधार कार्ड काउंटर पर छोड़ गया और वहीं से नजर में आ गया। घटना के पीछे कई प्रकार की चर्चा है। इधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के पकड़े जाने के बाद पता चलेगा कि मर्डर क्यों किया गया।

### स्टाफ नर्स का होगा डीएनए परीक्षण

पुलिस अधिकारियों ने स्टाफ नर्स का पोस्टमार्टम पैनल से कराने के साथ ही विवेचना अधिकारी एसएचओ राजीव तोमर को दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड, वीडियो और डीएनए जांच के लिए आदेशित किया है। शुक्रवार की दोपहर नर्स का पैनल के आधार पर पोस्टमार्टम किया गया। पैनल में एक महिला और दो पुरुष डॉक्टर थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के समय वीडियो बनाई और दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई गई। स्लाइड को परीक्षण के लिए लैब में भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्टाफ नर्स की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। वह गर्भवती नहीं थी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि स्टाप नर्स का डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।

### पिज्जा हब मालिक पुलिस हिरासत में

पुलिस टीम ने शुक्रवार की सुबह चार बजे आरोपी शुभम शुक्ला की तलाश में उसके मकान में दबिश दी लेकिन आरोपी हत्थे नहीं चढ़ा। पुलिस आरोपी के भाई और एक अन्य रिश्तेदार को उसके बारे में जानकारी के लिए चौक कोतवाली लेकर आ गई। पुलिस ने भाई से उसके बारे में जानकारी की। भाई ने बताया कि गुरुवार की सुबह घर से गया था। इसके अलावा उन्हें जानकारी नहीं है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल का नंबर सर्विलांस पर लगा दिया है। इधर, पुलिस ने नामजद पिज्जा हब के मालिक अभिषेक कश्यप को हिरासत में ले लिया है। एसओजी टीम और पुलिस टीमें मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं।

### पिता से फोन पर हुई नर्स थी बात

परिजनों ने बताया कि बेटी ने पीलीभीत से बीएससी करके स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग की थी। कुछ दिन लखनऊ में ट्रेनिंग की थी। उसके बाद शाहजहांपुर आ गई और एक अस्पताल में स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग कर रही थी। उसकी ट्रेनिंग पूरी होने में दो माह रह गए थे। गुरुवार की दोपहर पिता से फोन पर बात हुई थी और हाल चाल पूछा था। वह माता-पिता की इकलौती बेटी थी और उसका छोटा भाई पढ़ाई कर रहा है।

### मामा से कहा था अस्पताल में मीटिंग है

स्टाफ नर्स सेहरामऊ दक्षिणी में अपने मामा के यहां रहती थी। उसके मामा उसे रोजाना बाइक या कार से अस्पताल छोड़ जाते थे और ले जाते थे। गुरुवार की दोपहर उसने मामा से कहा कि अस्पताल में मीटिंग है। मामा ने दोपहर तीन बजे बाइक से अस्पताल गेट पर छोड़ा तो उसने कहा कि आप जाओ। जब वह फोन करेगी तो लेने आ जाना। बताते हैं कि गुरुवार को कोई मीटिंग नहीं थी। शाम सात बजे मामा को फोन पर उसकी हत्या की खबर मिली। वह तुरंत चौक कोतवाली पहुंच गए थे।

### नर्स के परिवार ने जताई ब्लैकमेलिंग की आशंका

**शाहजहांपुर।** परिजनों का कहना है डेढ़ साल से स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग कर रही थी। वह सेहरामऊ दक्षिणी के एक गांव में रहती थी। उसके मामा निजी अस्पताल में रोजाना बाइक या कार से छोड़ने के लिए आते और ले जाते थे। वह अकेले अस्पताल तक नहीं आती थी। हमेशा परिवार का कोई न कोई उसके साथ होता था। आरोप लगाया कि वह ब्लेकमेलिंग या धोखाधड़ी का शिकार हुई। उसने लोक लाज के मारे परिवार को नहीं बताया होगा। इसी तरह का नर्स के पिता का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेटी को ब्लैकमेल किए जाने की आशंका जता रहे हैं।

आरोपी की तलाश की जा रही है। शुभम शुक्ला के परिवार वालों का कहना है कि वह शादीशुदा है और एक बच्चा है।

**– राजीव तोमर**, प्रभारी निरीक्षक

## झुलसी विवाहिता की मौत दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर

- **उपचार के दौरान बरेली के अस्पताल में तोड़ा दम**
- **पुलिस ने पति सहित चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** झुलसी विवाहिता की उपचार के दौरान बरेली के अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जलाकर मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गजरौला के गांव पिपरिया भजा के मजरा घियूना के रहने वाले राम दुलारे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी शीतल की शादी ग्राम प्रसादपुर निवासी अजय पुत्र जगदीश प्रसाद से 23 अप्रैल 2022 को हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये और बाइक की मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर शारीरिक और मानसिक रूप से विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। मारपीट के साथ कई बार उसे जान से मारने का प्रयास किया गया। आरोप है कि 22 मई की सुबह नौ बजे दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने शीतल को डीजल डालकर आग लगा दी। जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसे उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसके बाद बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां गुरुवार शाम शीतल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में पिता रामदुलारे की ओर से पति अजय कुमार, छलिया, जगदीश प्रसाद और दयावती के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

## नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

**बिलसंडा,अमृत विचार:** गांव गौहनियां के मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण जन्म की लीला का मंचन किया। जिसे देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

रासलीला में बाल कलाकारों ने भक्तों का मन मोह लिया। कृष्ण जन्म लीला शुरू होते ही पंडाल में श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... भजनों के साथ झूम उठे। लीला में दिखाया गया कि प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फंस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है, तो वह मोक्ष प्राप्ति करता है। फूलों की होली भी खेली गई, और भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

# विद्यार्थियों ने कहा- हम शपथ लेते हैं नशा मुक्त समाज का निर्माण करेंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बेनहर गुरुकुल में नशामुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन मे नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत आर्ट ऑफ लिविंग की फैकल्टी ऋतु नारंग, बेन-हर गुरुकुल के ट्रस्टी डॉ. परविन्दर सिंह सैहमी, प्रधानचार्या भावना कौशिक ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके की।

रितु नारंग ने शराब, सिगरेट, तंबाकू, मोबाइल आदि से जीवन में इसके नुकसानकारी प्रभाव के बारे में बताया। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान क्रिएटिव एक्सरसाइज कराकर बच्चों को उत्साहित किया। उन्होने बताया कि राजयोग मेडिटेशन अभ्यास से किसी प्रकार के नशे से मुक्ति संभव है। छात्र छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में बताया। विद्यार्थियों को मूलभूत कानून की जानकारी एवं उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराया। भविष्य में वे राष्ट्र निर्माता के रूप में अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन कर सकें। ट्रस्टी डॉ. परविन्दर सिंह सैहमी ने विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग देने की अपील की और कहा कि बच्चों और युवाओं पर नशे का गलत असर पड़ता है। छोटी छात्रों ने नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ ली।



बच्चों को नशे के नुकसान बतातीं ऋतु नारंग। ● अमृत विचार

## रानी वर्मा नगराध्यक्ष साधना महामंत्री

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी के आग्रह पर महिला विंग जिलाध्यक्ष कंचन सक्सेना ने बिलसंडा में महिला टीम का विस्तार किया। रानी वर्मा को महिला विंग बिलसंडा का नगर अध्यक्ष जबकि साधना को नगर महामंत्री मनोनीत किया है। महिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।, जिसमे रानी गुप्ता, रेनू वर्मा,नीलम जसपाल,गीता को भी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की सदस्यता दिलाई।

बिलसंडा में महिला टीम के गठन पर पदाधिकारियों ने बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करने का निर्देश दिया। इस मौके पर महिला विंग की प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव , शोभनी सिंह, अरविंद अवस्थी , प्रकाश वीर सिंह, पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल , विजय पाल विक्की , शैली शर्मा, राशिद आदि ने बधाई दी।

# बेसन में मिलावट, पांच लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जांच में मटर-चने का मिला मिश्रण, एडीएम कोर्ट में सुनवाई के बाद लगाया जुर्माना**
- **मिस ब्रांडेड किशमिश बेचने पर बरेली की एक प्रतिष्ठित फर्म पर तीन लाख का जुर्माना**

**अमृत विचार:** शासन कीसख्ती के बाद भी खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर अब पैकेजिंग उत्पादों में सेंधमारी कर रहे हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा पूर्व में किशमिश और बेसन का नमूना जांच में फेल पाया गया। मिलावटखोरी पर सख्ती करते हुए अपर जिलाधिकारी कोर्ट ने दोनों अलग-अलग मामलों में बरेली की एक फर्म समेत दो व्यापारियों पर आठ लाख का जुर्माना लगाया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम मिलन ने 17 अक्तूबर 2022 को बीसलपुर में स्टेशन रोड स्थित जय अंबे किराना स्टोर पर छापेमारी कर रशियन नेचुरल ब्रांड के नाम से किशमिश का नमूना लेकर जांच को भेजा गया था। किशमिश की खरीद के संबंध में पूछने पर किराना व्यापारी ने मंगलम किराना कंपनी, श्यामगंज, बरेली का टैक्स इनवाइस दिखाई। इधर किशमिश का नमूना जांच में मिस ब्रांडेड पाया गया। इस पर अपर जिलाधिकारी कोर्ट में वाद दायर करते हुए बीसलपुर निवासी महेंद्र कुमार और मंगलम किराना कंपनी के प्रदीप कुमार को नोटिस जारी किया। एडीएम द्वारा मामले की सुनवाई की गई। जिसके बाद कोर्ट ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का दोषी पाते हुए प्रदीप कुमार पर तीन लाख का जुर्माना लगाया गया है। वहीं महेंद्र कुमार की मृत्यु होने के चलते मुकदमा समाप्त कर दिया गया। इसके अलावा बरखेड़ा के दौलतपुर पट्टी स्थित सुशील किराना स्टोर से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बेसन का नमूना लिया था। नमूना जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार बेसन में मटर एवं चना के मिश्रण पाया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी कोर्ट में वाद करते हुए किराना स्टोर संचालक सुशील कुमार पांडेय को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान सुशील कुमार ने आपत्ति जताते हुए बेसन शहर के किराना मंडी स्थित अक्षित ट्रेडर्स के यहां से खरीदने और उन्हें पक्षकार बनाए जाने की अपील की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुशील कुमार पर एक लाख रुपए, जबकि अक्षित ट्रेडर्स के अक्षित कुमार पर चार लाख रुपए जुर्माना लगाया है। अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि दोनों मामलों में सभी को एक माह के भीतर जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पौधरोपण करने के साथ उनकी देखभाल करना भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीएम ने बैठक अफसरों संग बैठक में पौधरोपण संबंधी तैयारियों की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश**
- **कार्यक्रम में जनसभागिता प्राप्त करने को सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों उद्यमियों को किया जाएगा प्रेरित**

**अमृत विचार।** डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में आगामी पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण संबंधी सभी तैयारियों को पूरा कराने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में शुक्रवार को हुई में डीएम ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने के लिए जन सहभागिता प्राप्त करने को सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों, उद्यमियों आदि को प्रेरित किया जाए। जिससे जनपद में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत पौधरोपण किया जा सके। उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम के लिए जनपद मुख्यालय पर कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं नामित नोडल अधिकारियों के द्वारा कार्यस्थल पर पौधरोपण की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक घंटे कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही कहा कि रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेसिंग या ट्री गार्ड आदि की व्यवस्था की जाए। वहीं विद्यालयों में रोपित किए जाने वाले पौधों का महत्व छात्र-छात्राओं को बताते हुए उन्हीं से पौधे रोपित कराई जाए।

पौधरोपण के लिए चयनित स्थलों पर बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए।उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को चिन्हित स्थलों पर खाई खुदान, तार फेसिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सामाजिक वानिकी डीएफओ मनीष सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार, डीआईओएस गिरजेश सिंह, बीएएस अमित कुमार सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 36.83 लाख पौधे किए जाएंगे रोपित

जनपद में 27 विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण किया जाएगा। इसमें वन विभाग 271513 पौधे, पर्यावरण विभाग 116000, ग्राम्य विकास विभाग 1992000, राजस्व 167000, पंचायतराज 203000, आवास विकास विभाग 9000, औद्योगिक विकास 10000, नगर विकास 36000, लोक निर्माण 22000, जल शक्ति 22000, रेशम 23000, कृषि 390000, पशुपालन विभाग 9000, सहकारिता विभाग 8820, उद्योग 17000, ऊर्जा विभाग 6860, माध्यमिक शिक्षा 12000, बेसिक शिक्षा 20000, प्राविधिक शिक्षा 8000, उच्च शिक्षा 31000, श्रम 5500, स्वास्थ्य विभाग 14000, परिवहन 5200, रेलवे 16000, रक्षा विभाग 9000, उद्यान विभाग 247000 एवं गृह विभाग को 12320 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जनपद में कुल 36,83,213 पौधे लगाने का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है।

